समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# 8वे वेतन आयोग के लागू होने पर कितनी होगी सैलरी मे बंढ़ोतरी ? जाने पूंरा कैलकुलेशन।

Publisher

Published on 30 May 2025




## सरकारी कर्मचारियों और पेशंनधारकों को मिलेगी राहत, 8वे वेतन आयोग से 19,000 रुपये तक सैलरी बढ़ने की संभावना।

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सरकार के लगभग 50 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने **8वे वेतन आयोग (8th Pay Commission)** के गठन को मंजूरी दे दी है और इसे 1 जनवरी 2026 से लागू किए जाने की संभावना है। इसके तहत वेतन और पेंशन में बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस बार फिटमेंट फैक्टर में **3 गुना या उससे अधिक की वृद्धि** की जा सकती है। इससे कर्मचारियों की **मासिक सैलरी मे औसतन ₹19,000** तक की बढ़ोतरी संभव है। नए वेतन ढांचे के अनुसार, **कर्मचारियों का न्यूनतम मूल वेतन ₹51,480 तक** पहुँच सकता है, जो **वर्तमान ₹18,000 के न्यूनतम वेतन से कहीं अधिक** है।

### क्या है फिटमेटं फैक्टर और इसका असर ?

फिटमेंट फैक्टर वह गणना है, जिसके आधार पर कर्मचारियों के वेतन में संशोधन होता है। 7वें वेतन आयोग में यह फैक्टर 2.57 था, लेकिन **8वे वेतन आयोग मे इंसे 3.0 या 3.68 तक** बढ़ाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी **कर्मचारी का मौजूदा मूल वेतन ₹18,000** है, तो 3.68 के फिटमेंट फैक्टर के अनुसार नया मूल वेतन ₹66,240 हो जाएगा।

### पेशंनधारकों को भी होगा लाभ

8वें वेतन आयोग से केवल कार्यरत कर्मचारी ही नहीं, बल्कि **68 लाख पेशंनधारक** भी लाभान्वित होंगे। नए ढांचे के अनुसार,

उनकी **मासिक पेशंन मे औसतन ₹27,740 तक** की वृद्धि हो सकती है।

## पिछले आयोग से तुलना करे तो...

**7वे वेतन आयोग मे मूल वेतन को ₹7,000 से बढ़ाकर ₹18,000** किया गया था। उस समय भी कर्मचारियों की सैलरी में औसतन 14,000 रुपये तक की वृद्धि देखी गई थी। इसी तरह, 8वें वेतन आयोग से भी कर्मचारियों को अच्छे दिनों की उम्मीद है।

## कब से लागू होगा नया वेतन आयोग ?

7वें वेतन आयोग की सिफारिशें दिसंबर 2025 तक लागू रहेंगी। **1 जनवरी 2026 से 8वां वेतन आयोग प्रभाव** में आ सकता है, जिसका असर वेतन और पेंशन पर सीधा दिखाई देगा। सरकार आयोग की सिफारिशों को जल्द अंतिम रूप दे सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.